<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक– 04.11.2025 (दोपहर–1310 बजे)</u>

<u>मुख्य समाचार</u>

- घाटशिला विधानसभा उपचुनाव को लेकर प्रचार अभियान ने पकड़ी रफ्तार, आज भाजपा, झामुमो की कई चुनावी सभाएं, जेएलकेएम भी चलायेगा जनसंपर्क अभियान।
- राज्य के 25 हजार से ज्यादा पीडीएस डीलरों को मिलेगा 14 माह का बकाया कमीशन, सरकार ने जारी की 58 करोड़ से ज्यादा राशि।
- गैंगस्टर प्रिंस खान के खिलाफ धनबाद पुलिस ने शुरु की बड़ी कार्रवाई, वासेपुर और आसपास के क्षेत्रों में ताबड़तोड़ छापेमारी।
- रांची कृषि महाविद्यालय में राज्य स्तरीय रबी कार्यशाला का कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने किया शुभारंभ, नवाचार और तकनीकी खेती पर दिया बल।
- जयपुर में आयोजित तृतीय राष्ट्रीय जूनियर सुपर स्पीड खो–खो प्रतियोगिता में झारखंड के खिलाड़ियों का उम्दा प्रदर्शन, स्वर्ण समेत जीते दो पदक।

<u>******************</u>

राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने कहा है कि विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। वे आज अपनी तीन दिवसीय उतराखंड यात्रा के अंतिम दिन कुमाऊं विश्वविद्यालय के 20वें दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने प्रौद्योगिकी और नवाचार पर बल दिया।

<u>******************</u>

घाटशिला विधानसभा उपचुनाव को लेकर चुनाव प्रचार ने अब रफ्तार पकड़ ली है। इसी कड़ी में आज झामुमो की स्टार प्रचारक और गांडेय विधायक कल्पना सोरेन की दो सभाएं प्रस्तावित हैं। भाजपा की ओर से उड़ीसा के मुख्यमंत्री मोहन चरण मांझी भी दो जन सभाओं को संबोधित करेंगे। वही जेएलकेएम के प्रचार की कमान आज से जयराम महतो संभलेंगे। घाटशिला और धालभूमगढ़ प्रखंड में आज जयराम महतो द्वारा जनसंपर्क चलाया जाएगा।

<u>******************</u>

राज्य सरकार ने प्रदेश के 25 हजार से ज्यादा पीडीएस डीलरों को बड़ी राहत दी है। सरकार ने उनके 14 महीने से रूके कमीशन का भुगतान करने के लिए 52 करोड़ रुपये से अधिक की राशि जारी कर दी है।

<u>******************</u>

सरायकेला–खरसांवा जिले में आज प्रधानमंत्री जन मन योजना के तहत आदिम जनजातियों की स्वास्थ्य जांच के लिए तीन मोबाइल एंबुलेंस सेवाओं की शुरुआत की गई। उपायुक्त नीतीश कुमार सिंह ने जिला समाहरणालय परिसर से हरी झंडी दिखाकर इन एंबुलेंसों को रवाना किया। उपायुक्त ने बताया कि यह पहल आदिम जनजातीय इलाकों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच को बेहतर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

<u>******************</u>

कुख्यात गैंगस्टर प्रिंस खान के खिलाफ धनबाद पुलिस ने बड़ी कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस ने वासेपुर और आसपास के इलाकों में आज एक साथ छापेमारी अभियान प्रारंभ किया है। सुबह से ही वासेपुर के रहमतगंज, पंडरपाला और आसपास के इलाकों में पुलिस की कई टीमें छापेमारी कर रही है। कार्रवाई के दौरान किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए भारी पुलिस बल की तैनाती की गई है। इस दौरान दो लोगों को हिरासत में लिये जाने की भी खबर है। गौरतलब है कि हत्या और रंगदारी जैसे गंभीर मामलों में आरोपी प्रिंस खान इन दिनों विदेश में बैठकर अपना गिरोह संचालित कर रहा है।

<u>******************</u>

बिरसा कृषि विश्वविद्यालय से संबद्ध रांची कृषि महाविद्यालय में आज कृषि निदेशालय द्वारा राज्य स्तरीय रबी कार्यशाला आयोजित की जा रही है। कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने इसका शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने नवाचार पर बल देते हुए किसानों से तकनीक आधारित खेती करने की सलाह दी।

*******************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी

वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक पेज आकाशवाणी न्यूज रांची,

इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते हैं।

*******************

बेरोजगार महिलाओं और पुरुषों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए भारत सरकार द्वारा संचालित इंडियन बैंक स्व–रोज़गार प्रशिक्षण संस्थान– इंडसेटी रोजगार का मजबूत जरिया साबित हो रहा है। इस कड़ी में हजारीबाग में बेरोजगार युवाओं को मशरूम की खेती, ब्यूटीशियन, साबुन एवं डिटर्जेंट निर्माण, कंप्यूटर, कोहबर आर्ट सहित कई व्यावसायिक प्रशिक्षण दिए जा रहे हैं। आज संस्थान में स्वालंबियों के लिए विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें संबंधित विभाग के प्रबंधक निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी विनोद कुमार ने हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रयास ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं।

*******************

देवघर जिले में साइबर अपराध के खिलाफ जागरुकता कार्यक्रम की शुरुआत की गयी है। इसके तहत मोहनपुर थाना क्षेत्र के मोरने गांव में पुलिस ने स्थानीय ग्रामीण और पंचायत प्रतिनिधियों के साथ बैठक की और उन्हें साइबर अपराध से बचने के उपाय बताये। देवघर के पुलिस कप्तान सौरभ ने बताया कि साइबर अपराध से निपटने के लिए पुलिस कई स्तरों पर प्रयास कर रही है।

*******************

पेंशन एवं पेंशनभोगी कल्याण विभाग, कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय 1 से 30 नवंबर, 2025 तक राष्ट्रव्यापी डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र अभियान 4.0 आयोजित कर रहा है। इसके तहत राज्यभर में शिविर आयोजित किये जा रहे हैं। केन्द्रीय पेंशन एवं पेंशनभोगी कल्याण विभाग के निदेशक राकेश कुमार शिविरों में भाग लेने के लिए सात नवंबर को डालटनगंज का दौरा करेंगे। वे शिविरों के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने के लिए बैंकों, इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक, यूआईडीएआई, एनआईसी और स्थानीय पेंशनभोगी कल्याण संघों के बीच समन्वय की समीक्षा करेंगे।

*******************

गुमला जिला प्रशासन द्वारा जनगणना 2027 की तैयारी शुरु कर दी गयी है। इस सिलसिले में तीन दिवसीय प्री–टेस्ट प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित  किया जा रहा है।

******************

घरेलू शेयर बाजार सूचकांक——सेंसेक्स और निफ्टी आज दोपहर शून्य दशमलव तीन प्रतिशत से अधिक की गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे। सेंसेक्स 287 अंक गिरकर 83 हजार 692 पर और निफ्टी सौ अंक गिरकर 25 हजार 664 पर था।

******************

रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने का भाव एक लाख 13 हजार सात सौ रुपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी की कीमत एक लाख 58 हजार रुपये प्रति किलो है।

******************

राज्य में मोंथा तूफान का असर खत्म होने के बाद ठंड बढ़ने लगी है। तूफान की वजह से पिछले दिनों हुई बारिश के बाद तापमान में गिरावट आई है।  रांची जिले में न्यूनतम तापमान में ढाई डिग्री और अधिकतम तापमान में 1.6 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गयी है।

******************

जयपुर में आयोजित तृतीय राष्ट्रीय जूनियर सुपर स्पीड खो–खो प्रतियोगिता में झारखंड ने दोनों वर्गों में पदक हासिल किये। प्रतियोगिता में बालक वर्ग ने स्वर्ण पदक अपने नाम किया जबकि बालिकाओं की टीम ने कांस्य पदक हासिल किया।

******************